*नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित*

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ...................

दिनांक : 17.12.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के तत्वावधान में आयोजित छात्र व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. आर.एन. सिंह ने कहा कि विषय ज्ञान के अनेक माध्यम है। व्याख्यान प्रतियोगिता भी इस दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण और उपयोगी है। इससे विद्यार्थियों में विषय को लिखित रूप एवं मौखिक रूप में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास होता है। किसी शीर्षक को शब्दो एवं किस प्रकार प्रस्तुत करना अधिक प्रभावी हो सकता है, इसकी समझ विद्यार्थियों में आसानी से पैदा होने लगती है। इस प्रकार के प्रयासों से सबसे बड़ा लाभ विद्यार्थी में आत्मबल का उत्पन्न होना है। यह आत्मबल उसे कठिन से कठिन चुनौतियो का सामना करने में सक्षम बनाता है। आधुनिक तकनीक जैसे पी.पी.टी. का प्रयोग कर अधिक से अधिक व्याख्यान किसी शीर्षक का कैसे किया जा सकता है, इसका भी प्रशिक्षण विद्यार्थी प्राप्त करता है।

इस व्याख्यान प्रतियोगिता में कुल 38 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें बी. एस–सी. भाग एक के 21, बी.एस–सी. भाग दो के 11 तथा भाग तीन के 06 छात्र/छात्राओं ने अपने विषय से सम्बन्धित विभिन्न शीर्षकों पर अपना लिखित पत्र पी.पी.टी. के माध्यम से प्रस्तुत किया। व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंजली सिंह बी.एस–सी. भाग तीन, द्वितीय स्थान पर शिवम कुमार जायसवाल बी.एस–सी भाग एक. एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से किरन गुप्ता बी.एस–सी भाग एक, श्वेता मिश्रा बी.एस–सी. भाग दो एवं देवेन्द्र पाण्डेय बी.एस–सी भाग तीन विजयी रहे।

(डॉ. राजेश शुक्ला)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी